## सार संक्षेप

# और चीनी निर्यात को मंजूरी संभव



**नई दिल्ली** • चीनी मिलों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ओपन जरनल लाइसेंस (ओजीएल) के तहत और दस लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दे सकती है। खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खाद्य पर वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी की अध्यक्षता में 25 अप्रैल को होने वाली उच्चाधिकार प्राप्त मंत्रियों के समूह (ईजीओएम) की बैठक में इस पर फैसला होने की संभावना है। उन्होंने बताया निर्यात के तौर-तरीकों पर भी ईजीओएम की बैठक में विचार होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चालू पेराई सीजन में अभी तक सरकार 30 लाख टन के निर्यात की अनुमति दे चुकी है। चालू पेराई सीजन में सबसे पहले 22 सितंबर 2011 को दस लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी गई थी। उसके बाद 7 फरवरी 2012 को और दस लाख टन की अनुमति दी गई। इसके बाद 26 मार्च 2012 को और दस लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति ओजीएल के तहत दी जा चुकी है।